कई बसें जब्त, परमिट निरस्त, फिटनेस से फायर सेफ्टी तक जांच

सैकड़ों यात्री बसें आरटीओ की रडार पर रही, यात्री बस संचालकों में मचा हड़कंप-आरटीओ संतोष मालवीय के नेतृत्व में रविवार को भी हुई कार्रवाई

उज्जैन। लगातार हो रहे सड़क हादसों और यात्रियों की सुरक्षा को लेकर आरटीओ द्वारा सख्त रुख अपनाया गया है। पिछले तीन दिनों से आरटीओ संतोष मालवीय के नेतृत्व में यात्री बसों के खिलाफ व्यापक जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान नियमों की अनदेखी कर संचालित हो रही बसों पर बड़ी कार्रवाई की गई है। लगातार चल रही कार्रवाई से यात्री बस संचालकों में हड़कंप मच गया है।

आरटीओ की टीम द्वारा बसों के एंट्री-एग्जिट मार्ग, इमरजेंसी गेट, फायर सेफ्टी उपकरण फिटनेस, परमिट ड्राइवर-कंडक्टर की योग्यता समेत परिवहन विभाग द्वारा तय सभी मानकों की बारीकी से जांच की जा रही है। जांच के दौरान कई बसें मानकों पर खरी नहीं उतरीं, जिस पर चालान, पेनल्टी और बसों की जब्ती की कार्रवाई की गई।

अभियान के तहत अब तक 5 लाख रुपये से अधिक की राशि जुर्माने के रूप में वसूली जा चुकी है। वहीं कई बसों के परमिट भी निरस्त किए गए हैं। स्लीपर कोच बसों की विशेष जांच में अनेक बसें गंभीर खामियों के चलते जब्त की गई हैं। रविवार अवकाश के बावजूद आरटीओ संतोष मालवीय सुबह 6 बजे से देर शाम तक मैदान में डटे रहे। नानाखेड़ा बस स्टैंड पर पार्किंग में खड़ी सभी यात्री बसों की जांच की गई। इमरजेंसी गेट आपात स्थिति में खुल पाते हैं या नहीं, अग्निशमन यंत्र कार्यशील हैं या नहीं, इसका भी परीक्षण किया गया। साथ ही ड्राइवर, कंडक्टर और क्लीनर को दुर्घटना के समय क्या करना है, इसकी जानकारी है या नहीं—इसकी भी पड़ताल की गई। उज्जैन में प्रस्तावित महाकुंभ 2028 के दौरान लाखों श्रद्धालु सड़क मार्ग से उज्जैन पहुंचेंगे। ऐसे में यात्री बसों की सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर प्रशासन कोई भी लापरवाही बर्दाश्त करने के मूड में नहीं है। यात्रियों की जान से खिलवाड़ करने वालों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

यह अभियान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के गृह नगर उज्जैन में चाक-चौबंद व्यवस्थाओं और क्राउड मैनेजमेंट की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। उज्जैन एसपी प्रदीप शर्मा, आईजी उमेश जोगा और आरटीओ संतोष मालवीय के निर्देश पर पुलिस, ट्रैफिक और आरटीओ का संयुक्त अमला पूरी तरह सक्रिय हो गया है।

आरटीओ का संदेश

आरटीओ संतोष मालवीय ने दो टूक कहा है कि यात्री बसें नियमों के तहत ही संचालित होंगी। नियमों की अनदेखी करने वालों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। यात्रियों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। वहीं इंदौर-उज्जैन बस ऑपरेटरों में इस सख्ती को लेकर चिंता भी देखी जा रही है। लेकिन प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि कानून से ऊपर कोई नहीं। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का गृह नगर है उज्जैन और यहां पर यात्रियों को सुविधा देना अधिकारियों की जिम्मेदारी है। साथ ही महाकुंभ की तैयारी हो रही है। ऐसे में लगातार जो शिकायत आ रही है कि इंदौर उज्जैन से लगाकर देवास उज्जैन और आगर, शाजापुर उज्जैन के बीच में नियम कायदों को ताक पर रखकर यात्री बसें दौड़ाई जा रही है स्पीड बहुत अधिक होती है। हादसे लगातार हो रहे हैं यही कारण है कि उज्जैन आरटीओ संतोष मालवीय लगातार मुहिम चलाकर कार्रवाई कर रहे हैं। विदित हो कि पूर्व में अंध गति से दौड़ रही बसों से दुर्घटनाएं हो चुकी हैं।

सीसी रोड एवं नाली निर्माण का भूमिपूजन

उज्जैन। वार्ड क्रमांक 36 की पार्षद एवं एमआईसी सदस्य के प्रयासों से वार्ड अंतर्गत आने वाले शिवाजी नगर में नगर निगम द्वारा राशि रुपए लगभग 28 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सीमेंट कांक्रीट रोड एवं नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन रविवार को निगम अध्यक्ष कलावती यादव के मुख्य आतिथ्य में पार्षद एवं एमआईसी सदस्य दुर्गा शक्ति सिंह चौधरी, महामंत्री कमलेश बैरवा, कपिल टॉक, पंकज मिश्रा की उपस्थिति में संपन्न हुआ। उल्लेखनीय है कि नगर निगम द्वारा वार्ड क्रमांक 36 अंतर्गत आने वाले शिवाजी नगर से लेकर हनुमान नाके तक सीमेंट कांक्रीट रोड एवं नाली निर्माण का कार्य किया जाएगा। जिससे क्षेत्र में पानी भरने की समस्या से निजात मिलेगा एवं क्षेत्र के नागरिकों को आवागमन में सुविधा होगी। इस अवसर पर अशोक वर्मा, राजेश मुठेल, सुमित मुठेल, हिमांशु तिवारी, ग विद्यावती, रेखा, चंदा, रीना एवं क्षेत्र के नागरिक उपस्थित रहे।

अज्ञात वाहन ने बस कंडक्टर को मारी टक्कर, मौत

उज्जैन/घट्टिया। बीती रात आगर रोड पर दुर्घटना में बस कंडक्टर की मौत हो गई। अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी थी। कंडक्टर को चरक अस्पताल लाया गया। परीक्षण के बाद डॉक्टरों ने शव पोस्टमार्टम कक्ष में रखवा दिया। रविवार सुबह पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाया है।

घट्टिया तहसील के ग्राम नजरपुर में रहने वाला रवि पिता अनिल ठाकुर 40 वर्ष बस पर कंडक्टरी करता था। रात में आखिरी स्टॉप होने पर उज्जैन पहुंचा था। जहां बस खड़ी करने के बाद वह अपनी टीवीएस एक्सल गाड़ी से ग्राम नजरपुर लौटा। मेन रोड किनारे उसने अपनी गाड़ी रोकी और खड़ा हो गया। उसी दौरान तेज गति से आए अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल होने पर रवि गिर पड़ा था। गांव के कुछ लोगों ने उसे देखा तो तत्काल उज्जैन चरक अस्पताल लेकर आए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। रविवार सुबह पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम करवाया गया है। घट्टिया थाना पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरे देख रही है।

दुर्घटना में घायल की 4 दिन बाद मौत-इधर 14 जनवरी को आगर जिले मे बाइक और ट्रक के बीच भिड़ंत में बाइक सवार मोहनलाल पिता राजाराम विश्वकर्मा निवासी विनायक सिटी घायल हो गया था जिसका उपचार निजी अस्पताल में चल रहा था। बीती रात मोहनलाल की मौत हो गई। नीलगंगा पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है। जांच आगर पुलिस को भेजी जाएगी।

कर्ज से परेशान युवक ने लगाई फांसी

उज्जैन। कर्ज से परेशान युवक ने शनिवार रविवार रात फांसी लगा ली। मां कमरे में पहुंची तो पुत्र को लटका पाया। रविवार सुबह पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है। मामले की जांच परिजनों के बयान दर्ज कर शुरू की जाएगी। पंवासा थाना पुलिस ने बताया कि मयंक परिसर में रहने वाले कुंवर पाल पिता सुखनलाल 32 वर्ष ने बीती रात घर में फांसी लगा ली थी। मां गुलाब बाई कमरे में पहुंची तो उसने कुंवर को फंदे पर लटका देखा। बड़े पुत्र और आसपास के लोगों को बुलाकर उसे फंदे से उतारा और अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर रात में मर्ग कायम किया गया था। सुबह पोस्टमार्टम कराया गया है। इस दौरान भाई बबलू ने बताया कि कुंवर पाल मिस्त्री का काम करता था और शराब भी पीता था। उसने फायनेंस पर कार ली थी। जिसकी किश्त भी नहीं भर पा रहा था। वहीं कर्ज भी हो गया था। संभवत : इसी के चलते उसने फांसी लगाई है। कुंवर पाल की पत्नी 10 दिन पहले पारिवारिक विवाद के चलते बच्चों को लेकर मायके बीना चली गई थी। पुलिस के अनुसार घटना स्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजनों के बयान दर्ज किए जाएंगे।

कार चालक ने युवक को मारी थी टक्कर

उज्जैन। 18-19 दिसंबर की रात बरुखेड़ी और डेलची बुजुर्ग के बीच हुई दुर्घटना में मोहन पिता होकमसिंह बंजारा 23 साल निवासी ग्राम पचोला माकड़ोन गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे उपचार के लिए आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी। महिदपुर रोड थाना पुलिस ने दुर्घटना की जांच शुरू की थी। इस दौरान सामने आया कि मृतक बाइक सवार को मारुति कार ने टक्कर मारी थी। पुलिस ने नंबर ट्रेस कर चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। कार जब्त कर चालक को हिरासत में लिया जाएगा।

सड़क दुर्घटना में बेटे की मौत, मां घायल

नागदा। स्टेट हाईवे उज्जैन जावरा पर रविवार को एक दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। जबकि तीन लोग घायल हो गए। बताया जा रहा है कि पहले कार और बाईक की भिंडत हुई थी जिसके बाद पीछे से दो बाइक और आकर कार से टकरा गई। स्टेट हाईवे पर आए दिन दुर्घटना होने से क्षेत्र के लोगों में काफी आक्रोश हैं। शहर से लगभग 8 किलोमीटर दूर गांव हताई पालकी के समीप रविवार दोपहर को एक बाइक पर मां बेटे शुभम पिता महेश उम्र 19 वर्ष व उसकी माता सुनीताबाई निवासी दिलीप नगर रतलाम से बाइक से उज्जैन अमावस्या का नहान करने जा रहे थे। इसी दौरान सामने इंदौर की ओर से आ रही इक्को कार ने टक्कर मार दी। जिससे मौके पर ही बेटे शुभम की मौत हो गई और उसकी मां सुनीताबाई घायल हो गई। बताया जा रहा हैं कि कार में सवार अनिकेत प्रजापति व राकेश प्रजापति भी घायल हुए हैं। इन तीनों को उपचार के लिए इंदौर रैफर किया गया है। पुलिस के मुताबिक बाईक सवार के साथ में दो बाइक और थी जो आगे पीछे चल रहे थे। तीन बाइक पर 6 लोग रतलाम से उज्जैन जा रहे थे। पुलिस ने पायल की रिपोर्ट पर कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

देवास रोड पर कार और डंपर के बीच टक्कर, महाराष्ट्र के चार युवक घायल

उज्जैन। रविवार सुबह देवास रोड पर कार और - डंपर के बीच टक्कर हो गई। कार में सवार चार युवक घायल हुए हैं। जो महाराष्ट्र के रहने वाले हैं और महाकाल दर्शन करने उज्जैन आए थे। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाकर मामले की जांच शुरू की है।

नागझिरी थाना क्षेत्र स्थित देवास-रोड पर सुबह कार और डम्पर के बीच टक्कर होने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। कार में पांच युवक सवार थे जिसमें से चार घायल हुए थे। उन्हें उपचार के लिए चरक अस्पताल पहुंचाया गया। घटना स्थल पर जांच के दौरान सामने आया कि डंपर तेज गति से आ रहा था। जिसके चलते भिड़ंत हुई है। अस्पताल पहुंचे घायलों से पुलिस ने जानकारी ली तो उनके नाम दीपक पिता गोवर्धन नाथ, गणेश पिता सहाजी, सिद्धेश्वर पिता गणेश और संदीप पिता साहेब राव होना सामने आए। सभी महाराष्ट्र के पाणेगांव देवपुरी के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार को कार से महाकाल दर्शन करने आए थे। दर्शन करने के बाद आज सुबह वापस सीहोर होते हुए महाराष्ट्र जाने के लिए निकले थे। इसी दौरान दुर्घटना हुई है। कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। डॉक्टरों के अनुसार सभी घायलों की हालत खतरे से बाहर है। चोट लगने पर उपचार के लिए भर्ती किया गया है। वहीं नागझिरी पुलिस ने डंपर जब्त कर लिया है, चालक की तलाश की जा रही है।

ग्रामीण रोजगार को विकास का साधन बनाता वीबी-जीरामजी अधिनियम : टेटवाल

उज्जैन। वृद्धिशील सुधार की बजाय संरचनात्मक बदलाव की जरूरत को समझते हुए एनडीए सरकार ने विकसित भारत रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण गारंटी अधिनियम बनाया और इसे कानून बनाया, यह अधिनियम मनरेगा की जगह लेता है और ग्रामीण रोजगार को सतत विकास का साधन बनाता है, जो विकसित भारत -2047 के लक्ष्य के अनुरूप है यह बात जिले के प्रभारी मंत्री गौतम टेतवाल ने सोमवार को संभागीय भाजपा कार्यालय लोकशक्ति भवन में पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए कही।

भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता में सांसद अनिल फिरोजिया, ग्रामीण जिलाध्यक्ष राजेश धाकड़ , विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, विधायक सतीश मालवीय, निगम सभापति कलावती यादव, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी सचिन सक्सेना, मीडिया प्रभारी दिनेश जाटवा, सह मीडिया प्रभारी राकेश पंड्या, जगदीश पांचाल, कमल बैरवा उपस्थित थे। प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल ने पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा ग्रामीण रोजगार कार्यक्रमों ने भारत की सामाजिक आर्थिक संरचना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, यह केवल कमजोर परिवारों को आय की सुरक्षा नहीं देते बल्कि परिसम्पति निर्माण के साथ ग्राम विकास और सामाजिक स्थिरता के साधन भी है, चूंकि बड़ी संख्या में लोग कृषि और उससे जुड़े कामों पर निर्भर है, इसीलिए मौसमी बेरोजगारी और आय में उतार चढ़ाव लगातार चुनौती बने रहते है। विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप है नया बिल

टेटवाल ने कहा हर गरीब को रोजगार मिले और उसकी गरिमा का सम्मान हो। गरीब, जनजाति और पिछड़ा को रोजगार मिले, उसके लिए यह क़ानून आया है, इसका उद्देश्य विकसित भारत 2047' के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप ग्रामीण विकास का नया ढांचा तैयार करना है।

एक नजर में

उज्जैन में लगा शिल्प बाजार, 24 तक चलेगा

उज्जैन। विकास आयुक्त हस्तशिल्प वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य सहकारी संघ मर्यादित, भोपाल द्वारा आयोजित गांधी शिल्प बाज़ार का शुभारंभ उज्जैन में हुआ। अभिनंदन परिसर, देवास रोड पर 24 जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक लगने वाले गांधी शिल्प बाज़ार का उद्घाटन कर कलावती यादव नगर निगम सभापति, प्रिंस कुमार हस्तशिल्प सेवा केन्द्र इंदौर, किशन सिंह भटोल पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक, दिलीप मरमट सहकारी प्रशिक्षण केन्द्र इंदौर, संजीव शर्मा ऑडिट ऑफिसर सहकारिता विभाग उज्जैन, सुमेर सिंह सोलंकी प्रबंधक जिला सहकारी संघ उज्जैन, मनीष सिंह, माखन सिंह, अवतार सिंह मेला प्रभारी द्वारा गांधी शिल्प बाजार का निरीक्षण किया गया। जिसमें संपूर्ण भारत के हस्तशिल्पियों द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री स्वयं हस्तशिल्पियों द्वारा की जाएगी। सभी अतिथियों ने शहरवासियों से बाजार में आकर शिल्पकारों का उत्साहवर्धन करने का अनुरोध किया।

प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर करेंगे शिकायत

उज्जैन। महाकाल क्षेत्र के आसपास वर्षों से व्यवसाय कर रहे हाथ-ठेला एवं फुटपाथ व्यापारियों को बिना किसी पूर्व सूचना हटाए जाने के विरोध में हाथ-ठेला एवं फुटपाथ व्यापारी संघ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर शिकायत करने का निर्णय लिया है। व्यापारियों का कहना है कि यह कार्रवाई पथ विक्रेता (जीविका संरक्षण एवं विनियमन) अधिनियम-2014 का स्पष्ट उल्लंघन है। संघ का आरोप है कि कानून लागू हुए 11 वर्ष बीत जाने के बावजूद अब तक न तो व्यवस्थित सर्वे कराया गया और न ही स्थायी संरक्षण अथवा पुनर्वास की प्रक्रिया पूरी की गई है। इसके चलते छोटे व्यापारियों की आजीविका पर संकट खड़ा हो गया है। संघ अध्यक्ष कालूराम चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि व्यापारी लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर मंदिर प्रशासन एवं नगर निगम से लगातार अपील की जा रही है। लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। इसी कारण संगठन ने अब प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर शिकायत करने का निर्णय लिया है। व्यापारी 107 दिनों से नरसिंहगढ़ चौराहे पर आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन अब तक प्रशासन या जनप्रतिनिधियों की ओर से कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। संघ की मांग है कि वर्षों से चले आ रहे व्यापार को यथावत रखने की अनुमति दी जाए तथा पथ विक्रेता कानून के तहत स्थायी समाधान किया जाए।

आर्य समाज का साप्ताहिक सत्संग संपन्न

उज्जैन। सत्य को ग्रहण करने और असत्य को छोड़ने में सदैव उद्यत रहना चाहिए। महर्षि दयानंद का सत्यार्थ प्रकाश ग्रंथ सभी सत्य प्रेमी मनुष्य का मार्गदर्शक है, पंच महायज्ञ हमारे जीवन के नित्य अंग होना चाहिए। यज्ञ में गौ घृत का प्रयोग वातावरण में विष का अंत करता है। यज्ञ ऋषियों द्वारा प्रणीत प्राचीन पूजा पद्धति है और इसी लिए यज्ञ को सर्वश्रेष्ठ कर्म कहा गया है। उक्त विचार आर्य समाज उज्जैन के पूर्व प्रधान आर्य प्रवक्ता सुखदेव व्यास ने आर्य समाज उज्जैन के साप्ताहिक सत्संग में व्यक्त किये। वैदिक विद्वान पंडित राजेंद्र व्यास ने वेद मंत्र की व्याख्या की। प्रारंभ में पंडित व्यास के आचार्यत्व में वेद मत्रों से उपस्थित आर्यजनों ने आहुतियां दीं। ईश प्रार्थना का वाचन मदन लाल कुमावत ने किया। भजन संपत पाटीदार ने प्रस्तुत किए। आर्य समाज के नियम एवं संगठन सूक्त का पाठ मंत्री भरत आर्य ने किया। इस अवसर पर सुरेश पाटीदार, राजेंद्र शर्मा, अंबाराम वर्मा, स्वप्निल व्यास, रमेश पाटीदार, गोपाल सोनी, अयोध्या पाटीदार, और अनेक धर्मालुजन उपस्थित रहे। वैदिक जय घोष, प्रसाद वितरण और शांति पाठ के साथ सत्संग संपन्न हुआ। सत्संग का संचालन विष्णु शर्मा ने किया और आभार प्रधान ललित नागर ने व्यक्त किया।

11वां सामूहिक विवाह सम्मेलन 8 को

उज्जैन। भांबी समाज उज्जैन के तत्वावधान में समाज के युवक युवती का सामूहिक विवाह कार्यक्रम दिनांक 8 फरवरी रविवार को अन्नपूर्णा पेलेस, गढ़कालिका माता मंदिर के सामने, उज्जैन पर आयोजित होगा। इस आशय का निर्णय भांबी समाज उज्जैन के अध्यक्ष सुनील कड़ेला की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लिया गया। सम्मेलन के लिए सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति का अध्यक्ष राधेश्याम जौहर को नियुक्त किया गया। जौहर द्वारा शीघ्र ही इनकी कार्यकारिणी गठित की जावेगी तथा पृथक पृथक समितियां बनाकर उनको जिम्मेदारी दी जाएगी। सम्मेलन हेतु प्रविष्टियां आमंत्रित की गई है इच्छुक अभिभावक अपनी संतानों के विवाह हेतु समाज के कार्यालय भैरुनाला उज्जैन पर आकर पंजीयन करा सकते है। प्रांतीय अध्यक्ष मनोज लोहिया के अनुसार नवदम्पत्ति को उपहार सामग्री भी समाज द्वारा दी जावेगी। संचालन महेन्द्र कड़ेला ने किया। आभार कोषाध्यक्ष प्रीतम निम्बेल ने व्यक्त किया। बैठक में समाज के पदाधिकारी, सदस्य, समाजजन उपस्थित रहे।

21 को शहीद हेमू कॉलोनी का बलिदान दिवस

उज्जैन। अमर शहीद हेमू कलानी विचार मंच द्वारा 21 जनवरी को शहीद हेमू कॉलोनी का बलिदान दिवस मनाया जाएगा। मंच के संयोजक सुनील नवलानी ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शहीद की प्रतिमा पर 21 जनवरी प्रात : 9 बजे सिंधी कॉलोनी में कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमें माल्यार्पण कर शहीद को श्रद्धा सुमन अर्पित किए जाएंगे। वहीं शहीद दिवस के एक दिन पूर्व 20 जनवरी को महाकाल मार्ग स्थित अपंग आश्रम में आश्रम वासियों को दूध, फल, बिस्किट वितरण किए जाएंगे। दोनों आयोजनों में सभी देशभक्तों की उपस्थिति गरिमा प्रदान करेगी।

महाराणा प्रताप पुण्यतिथि आज

उज्जैन। चामुंडा माता चौराहे पर स्थित महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा पर 19 जनवरी 2026 सोमवार की प्रात: 11 बजे उनकी 429 वीं पुण्यतिथि पर माल्यार्पण कर उनका पुण्य स्मरण किया जाएगा । अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री अनिलसिंह चंदेल, राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य ठाकुर हरदयालसिंह एडवोकेट, शहर अध्यक्ष-अभिषेकसिंह बैस, युवा विंग के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष आनन्द सिंह खींची, दर्शन ठाकुर, लोकेन्द्र सिंह गौड़, राजा ठाकुर, शंकर सिंह पडिहार, अनिल सिंह राजपूत, प्रदीपसिंह तोमर, लाखनसिंह असावत, राजेश सिंह दीखित, शैलेन्द्र सिंह ठाकुर, श्यामबहादुर सिंह बघेल आदि ने देश भक्तों से अनुरोध किया है कि आइये महान देश भक्त की पुण्यतिथि पर पुष्पांजली अर्पित कर अपना राष्ट्रीय धर्म निभाइये ।

महाकाल महोत्सव .. महाकाल लोक में इंदौर-मुंबई से आए कलाकारों ने किया मंत्रमुग्ध

महाकाल महोत्सव में निकली कला यात्रा, बैंड पर रामधुन, गणगौर नृत्य की प्रस्तुति

नवभारत न्यूज

उज्जैन। महाकाल मंदिर प्रबंध समिति के महाकाल महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत कला यात्रा निकाली गई जिसमें कलाकारों ने गणगौर नृत्य की प्रस्तुति दी। बता दें कि यह आयोजन काफी दिनों से किया जा रहा है। वहीं इसकी तैयारियों भी काफी की गई थीं।

हरदा के मंशा राम और उनके साथी कलाकारों ने कोरकू जनजातीय गदली नृत्य प्रस्तुत किया। खंडवा की अनुजा जोशी और उनके दल ने गणगौर नृत्य, सागर के लीलाधर रैकवार ने ढिमरयाई नृत्य तथा बड़ौदा के विजय भाई राठवा और उनके साथियों ने राठवा जनजातीय राठ नृत्य की प्रस्तुति दी। सुगम संगीत और बैंड रामधुन की विशेष प्रस्तुतियां हुई। इंदौर के श्रेयश शुक्ला और उनके बैंड तथा मुंबई के विपिन अनेजा और उनके बैंड ने रामधुन और भक्ति संगीत प्रस्तुत किया।

क्रिकेट एसोसिएशन अध्यक्ष महान आर्यमन सिंधिया पहुंचे महाकाल

उज्जैन। मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष महानआर्यमन सिंधिया रविवार को सुबह उज्जैन आए। इस दौरान उन्होंने महाकाल के दर्शन किए। इससे पहले वे भस्मारती में भी शामिल हुए। दर्शन के बाद सिंधिया ने कहा कि वर्तमान में मंदिर की व्यवस्थाएं बहुत सुंदर है। श्रद्धालुओं को बड़े आराम से व अच्छे से दर्शन मिल रहे हैं। मंदिर समिति का स्टाफ को धन्यवाद देना चाहूंगा। इस मंदिर से तो हमारा परिवार पीढ़ियों से जुड़ा है। मैं पूरे देश के लोगों से अनुरोध करता हूं कि यहां आएं और भस्मारती का आनंद लें। समिति की ओर से सिंधिया का स्वागत किया गया।

मौनी अमावस्या पर शिप्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

उज्जैन। मौनी अमावस्या पर्व पर उज्जैन की पवित्र शिप्रा में रविवार को हजारों श्रद्धालुओं ने स्नान किया। रामघाट व दत्त अखाड़ा घाट पर सबसे अधिक भीड़ उमड़ी। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने पंडितों से संकल्प पूजन कराकर घाट पर दान-पुण्य भी किया। गायों को चारा खिलाया तो गरीबों को वस्त्र आदि दान किए। महाकाल, हरसिद्धि, गोपाल मंदिर सहित प्रमुख मंदिरों में दिनभर दर्शन के लिए भीड़ उमड़ी। मौनी अमावस्या का पर्व पितरों से जुड़ा है। इस दिन श्रद्धालुओं ने पितरों की आत्म शांति हेतु भी पंडितों से पिंडदान-तर्पण आदि पूजन करवाया। ब्राह्मण भोजन के आयोजन भी किए गए।

अमित और डॉ. अनामिका शर्मा सम्मानित

उज्जैन। सर्वश्री सनातन धर्म संस्कार जनकल्याण समिति उज्जैन द्वारा उज्जैनी सिंहस्थ अमृत मंथन 2028 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संचालन और गीत संगीत क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियों को दृष्टिगत रखते हुए अमित शर्मा और डॉ.अनामिका शर्मा का सम्मान अध्यक्ष पं. मनोज रावत एवं मंचासीन अतिथियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर महामंडलेश्वर शैलेषानंद महाराज, आचार्य अखिलेश महाराज, कुलपति स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय, सागर डॉ.अनिल तिवारी, वीरेंद्र शर्मा एवं बड़ी संख्या में सनातन धर्म प्रेमी उपस्थित थे। अमित शर्मा और डॉ. अनामिका शर्मा जो सेंट विद्या कान्वेंट स्कूल के संचालक भी हैं पूर्व में भी कला के क्षेत्र में कई प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर के मंचों से सम्मानित हो चुके हैं। आगामी सिंहस्थ को भव्य और अलौकिक बनाने हेतु महामंडलेश्वर शैलेष आनंद महाराज और आचार्य अखिलेश महाराज ने अपनी ओजस्वी वाणी से अपने विचार रखे।